**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–**15** मार्च 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- दो भारतीय जहाजों ने बानबे हजार मीट्रिक टन से अधिक एलपीजी के साथ होर्मुज जलडमरूमध्य को किया पार। कल या मंगलवार तक उनके गुजरात पहुंचने की है उम्मीद।
- प्रदेश में चल रही उप निरीक्षक नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा–दो हजार पच्चीस कल पहले दिन कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण ढंग से हुयी संपन्न। आज आयोजित होगा दूसरा चरण।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहारनपुर में चैत्र नवरात्रि मेला और विकास कार्यों को लेकर की समीक्षा बैठक। सभी कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाने के दिए निर्देश।
- लखनऊ, अमरोहा और हापुड़ सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आज सुबह से हो रही बारिश से मौसम हुआ सुहाना। मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्रों में गरज–चमक के साथ बारिश की जतायी सम्भावना।

**********

भारतीय ध्वज वाले दो जहाज शिवालिक और नंदादेवी ने कल होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित पार कर लिया है। नई दिल्ली में अंतर–मंत्रालयी प्रेस वार्ता में पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने यह जानकारी दी।

***इनमें करीब 92 हजार 700 मीट्रिक टन एलपीजी है और इनका अराइवल पोर्ट मुंद्रा और कांडला होगा और उनकी एक्सपेक्टेड अराइवल डेट 16 मार्च और 17 मार्च होगी।***

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि किसी भी खुदरा दुकान या वितरक के पास एलपीजी की कमी नहीं है और पर्याप्त मात्रा में डीजल और पेट्रोल उपलब्ध हैं। संयुक्त सचिव ने नागरिकों से एलपीजी सिलेंडर की आवश्यकता पड़ने पर डिजिटल बुकिंग करने का आग्रह किया है।

***लास्ट डिलीवरी से नेक्स्ट बुकिंग के बीच में अर्बन एरिया में मिनिमम 25 डेज का गैप है और रूरल एरियाज में ये 45 दिन का है। सभी देशवासियों से एक अपील है कि कृपया डिजिटल जो बुकिंग के आपके पास टूल्स अवेलेबल है, उनको यूज करें, कोई भी जरूरत नहीं है कि कोई भी किसी डिस्ट्रीब्यूटरशिप के पास जाकर लाइन में खड़ा होकर बुकिंग करें या सिलेंडर की डिलीवरी लें।***

सुश्री शर्मा ने बताया कि 29 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में वाणिज्यिक सिलेंडरों का वितरण शुरू हो गया है।

प्रदेश में आम नागरिकों को पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य एवं रसद विभाग और स्थानीय जिला प्रशासन द्वारा आपूर्ति व्यवस्था की लगातार निगरानी के साथ निरीक्षण व छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में लगभग पन्द्रह सौ जगहों पर निरीक्षण और कार्रवाई की गई। मुज़फ्फरनगर में प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं कि पेट्रोल, डीजल और एलपीजी सिलेंडरों की उपलब्धता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम सुनिश्चित किए जाएं।

**********

प्रदेश में चल रही दो दिवसीय उप निरीक्षक नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा– दो हजार पच्चीस, कड़ी सुरक्षा के बीच कल शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा में कुल पांच लाख इकतीस हज़ार सात सौ पैंसठ अभ्यर्थी शामिल हुए। राजधानी लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, अयोध्या, जौनपुर, गाजियाबाद, मेरठ समेत सभी जिलों में प्रशासन ने लगातार निगरानी की। पुलिस भर्ती बोर्ड और प्रशासन की तरफ से परीक्षार्थियों के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। परीक्षा का दूसरा चरण आज आयोजित होगा। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड प्रदेश के 75 जनपदों के एक हजार नब्बे परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में परीक्षा का आयोजन कर रहा है। परीक्षा केन्द्रों की सीसीटीवी से मॉनीटरिंग के लिये त्रिस्तरीय कन्ट्रोल और कमांड सेंटर की व्यवस्था की गई है।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल कोलकाता से पुरुलिया–आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस को वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के बीच रेल संपर्क मजबूत होगा। इस नई रेल सेवा से प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित चंदौली, वाराणसी, अयोध्या, बरेली और मुरादाबाद रेलवे स्टेशन जुड़ गए हैं।

**********

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा कल मुरादाबाद में एक निजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार पिछले 11 वर्ष से देश को विकसित व आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। देश की अर्थव्यवस्था ने छलांग लगाई है और अब हम विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं।

***पिछले ग्यारह वर्षों में मोदी जी के नेतृत्व में चलने वाली सरकार ने एक प्लेटफार्म बनाया, एक बेस बनाया जहां से हम आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत अमृत भारत से निकलकर आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लिए एक लंबी छलांग लगाने के लिए आज भारत तैयार है।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल सहारनपुर में चैत्र नवरात्रि को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सभी विकास कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाएं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मां शाकंभरी देवी पीठ में दर्शन पूजन किया और यहां चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन स्मृति–चिह्न विक्रय केंद्र, शौचालय परिसर, पर्यटक सुविधा केंद्र तथा बहु–स्तरीय वाहन पार्किंग का भी निरीक्षण किया।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 19 मार्च को अयोध्या पहुंचेंगी। राष्ट्रपति प्रभु श्रीरामलला के दर्शन के साथ विविध धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होंगी। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति लगभग चार घंटे तक अयोध्या में रहेंगी। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रपति मंदिर के द्वितीय तल पर श्रीराम यंत्र का विधि–विधान से पूजन करेंगी।

***सामान्य रूप से ग्यारह बजे उनका आगमन होगा और संभवतः तीन बजे वह वापस प्रस्थान करेंगी। मंदिर परिसर में मुख्य मंदिर के दूसरे तल पर गर्भगृह में श्री राम यंत्र का पूजन करेंगी, स्थापन होगा।***

सुरक्षा व्यवस्था के तहत कार्यक्रम में मोबाइल फोन और हथियारों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा, राष्ट्रपति के कार्यक्रम के दौरान आम श्रद्धालु श्री रामलला के दर्शन नहीं कर सकेंगे। राष्ट्रपति के दौरे के संबंध में अयोध्या के एसएसपी गौरव ग्रोवर ने कहा कि सभी तैयारियां तेजी से चल रही हैं। सुरक्षा बल तैनात कर दिए गए हैं।

**********

प्रदेश में चीनी व सिंथेटिक मांझे पर प्रतिबंध को लेकर प्रदेश के सभी पुलिस अफसरों को निर्देश जारी किए गए हैं। प्रदेश के अपर पुलिस महानिदेशक क़ानून व्यवस्था अमिताभ यश ने कहा है कि मांझे का निर्माण, बिक्री और इस्तेमाल पूरी तरह बंद होना चाहिए, जो भी इसका उपयोग करें, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

***माननीय उच्च न्यायाल, एनजीटी उत्तर प्रदेश शासन और पुलिस मुख्यालय के निर्देशों के अनुपालन में पूरे प्रदेश में एक विशेष अभियान चलाया गया है। सभी पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि इस प्रतिबंध का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।***

**********

प्रदेश भर में कल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत बीमा, मोटर वाद, बैंकिंग और अन्य समझौता योग्य मामलों का बड़ी संख्या में निस्तारण हुआ। अमरोहा में जनपद न्यायाधीश विवेक ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से आमजन को त्वरित, सुलभ एवं सस्ता न्याय उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाता है।

**********

प्रदेश की राजधानी लखनऊ, अमरोहा और हापुड़ समेत अन्य जनपदों में आज सुबह से हो रही बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। मौसम विभाग ने आज और कल अमरोहा, गाजियाबाद, मेरठ, बागपत, बिजनौर, शामली, सहारनपुर समेत आसपास के अन्य जनपदों में गरज चमक और तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश के मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर एवं आसपास के इलाकों में चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने के साथ ही ओले पड़ने का अलर्ट जारी किया है।

**********